OTIT own defence forces. Such exports will be made on merits of each case, to friendly countries, subject to periodical assessment of the international situation. These exports will, generally be on commercial basis.

**डा० राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली के बहिरंग रोगी विभाग (ओ०पी०डी०) में आने वाले रोगियों की संख्या**

1330. **श्री सन्तोष बागड़ोदिया :** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) डा० राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली के बहिरंग रोगी विभाग में प्रतिदिन अनुमानतः कितने रोगी आते हैं ;

(ख) क्या यह सच है कि बहुत से रोगियों को घंटों अपनी बारी का इंतजार करने के बाद भी डाक्टर को दिखाए बिना वापस लौटना पड़ता है ;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(घ) बहिरंग रोगी विभाग में डाक्टर कितने बजे से कितने बजे तक रोगियों को देखते हैं ?

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी सरोज खापर्डे) :** (क) बहिरंग रोगी विभाग में आने वाले रोगियों की दैनिक औसत संख्या 2759 है।

(ख) जी, नहीं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

(घ) बहिरंग रोगी विभाग का समय 9 बजे पूर्वाह्न से 1 बजे अपराह्न तक है।

**राजस्थान में कुष्ठ रोगियों की संख्या**

1331. **श्री सन्तोष बागड़ोदिया :** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय राजस्थान में कुष्ठ रोगियों की कुल संख्या कितनी है ;

(ख) क्या यह सच है कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान कुष्ठ-रोगियों की संख्या में वृद्धि हुई है ;

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान वर्षवार कुष्ठ रोगियों की संख्या कितनी रही ; और

(घ) सरकार द्वारा कुष्ठ रोगियों के इलाज के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है और कितने व्यक्ति इलाज कराकर इस बीमारी से छुटकारा पा चुके हैं ?

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी सरोज खापर्डे) :** (क) 28 फरवरी, 1989 की स्थिति के अनुसार राजस्थान में दर्ज कुष्ठ रोगियों की संख्या 16127 है।

(ख) पिछले कुछ वर्षों के दौरान कुष्ठ रोगियों की संख्या में वृद्धि हुई है ऐसा कहने का कोई प्रमाण नहीं है।

(ग) अपेक्षित सूचना इस प्रकार है :—

| वर्ष | दर्ज कुष्ठ रोगियों की संख्या |
|---|---|
| 1985–86 | 1647 |
| 1986–87 | 2002 |
| 1987–88 | 1298 |